**पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ**

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक–06-12-2023

मा0द0वि0

**थाना मलिहाबाद**–दिनांक 06.12.2023 को थाना मलिहाबाद द्वारा बताया गया कि वादिनी श्रीमती रंजना देवी पत्नी श्री पातीराम निवासी–ग्राम सुरजीपुर थाना बेहटा जनपद हरदोई ने थाना मलिहाबाद पर सूचना दिया कि दिनांक 01.12.2023 को वादिनी के पति व पातीराम पुत्र राममूर्ति व मुकीम खाँ पुत्र रशीद निवासी–काजीवाड़ी थाना बेहटा जनपद हरदोई लखनऊ की तरफ से अपनी मोटरसाइकिल से अपने घर आ रहे थे कि रास्ते में फरीदीपुर के पास हरदोई की तरफ से रोडवेज बस सं0 यूपी 33 ए0टी0 5451 के चालक ने बस को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उक्त मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिया, जिससे मोटरसाइकिल बस के अन्दर घुस गयी और दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें इलाज के लिए ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। दिनांक 05.12.2023 को समय करीब 12.30 बजे दोपहर को दौराने इलाज वादिनी के पति पातीराम उम्र करीब वर्ष की मृत्यु हो गयी और मुकीम खाँ उपरोक्त का इलाज चल रहा है जिसकी हालत नाजुक बनी हुयी है। **इस सूचना पर थाना मलिहाबाद पर मु0अ0सं0 196/2023 धारा 279/338/304ए भादवि का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

**थाना सरोजनीनगर**–दिनांक 06.12.2023 को थाना सरोजनीनगर द्वारा बताया गया कि वादी श्री दिलीप कुमार मिश्र पुत्र बद्री नारायण मिश्र निवासी–जी–14 साई सुरक्षा नगर अमौसी बाजार थाना सरोजनीनगर लखनऊ ने थाना सरोजनीनगर पर सूचना दिया कि दिनांक 17.11.2023 को वादी अपने पैतृक गांव ग्राम मठियाराम गोविन्द थाना रविन्द्र नगर जनपद कुशीनगर छठ पूजा मे गया था। दिनांक 21.11.2023 को जब वादी अपने लखनऊ स्थित उक्त घर पर वापस आया तो देखा कि अज्ञात चोरों द्वारा वादी के घर में छत के रास्ते घुसकर ताला तोड़कर घर में रखे सोने चांदी के कीमती जेवरात, 60 हजार रूपये नगद व अन्य कीमती सामान को चोरी कर लिया गया है। **इस सूचना पर थाना सरोजनीनगर पर मु0अ0सं0 539/2023 धारा 380/457 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

**थाना कृष्णानगर**–दिनांक 06.12.2023 को थाना कृष्णानगर द्वारा बताया गया कि लोकबन्धु हॉस्पिटल थाना कृष्णानगर से थाना स्थानीय पर एक मेमो इस आशय का भेजा गया कि दिनांक 06.12.2023 को समय करीब 09.45 बजे सुबह में एक व्यक्ति दीपक प्रकाश रावत पुत्र अमरनाथ रावत निवासी–शक्तिनगर आलमबाग थाना कृष्णानगर लखनऊ को इस चिकित्सालय में मृत अवस्था में लाया गया। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री रमेश सिंह यादव मो0नं0 7905116705 थाना कृष्णानगर द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है**, जिनके द्वारा बताया गया कि दीपक प्रकाश रावत उम्र करीब 28 वर्ष उपरोक्त ने बीति रात्रि में अपने कमरे में पंखे से गमछे का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक अविवाहित था। मृतक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयार कर रहा था।

**थाना चिनहट**–दिनांक 06.12.2023 को थाना चिनहट द्वारा बताया गया कि वादिनी अंजलि पटेल पुत्री एच0आर0 पटेल प्लाट नं0 7/के–577 यमुना इंक्लेव निकट आजाद मार्केट नौबस्ता कला थाना चिनहट लखनऊ ने थाना चिनहट पर सूचना दिया कि दिनांक 01.12.2023 को समय करीब 17.10 बजे से 17.50 बजे के मध्य वादिनी मटियारी चौराहा थाना चिनहट एच0डी0एफ0सी0 बैंक के एटीएम से पैसा निकाल रही थी, तो उसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति उम्र करीब 35 से 40 वर्ष द्वारा एटीएम कक्ष में प्रवेश कर धोखे से वादिनी को एटीएम कार्ड बदलकर उसके स्थान पर वादिनी को अजय कुमार गौतम नाम का कार्ड दे दिया और धोखे से वादिनी का एटीएम पिन भी देख लिया। उसके बाद उक्त अज्ञात व्यक्ति द्वारा धोखाधड़ी करके अवैध तरीके से वादी के एटीएम से डीपीएस काम्पलेक्स देवा रोड स्थित एटीएम से 10 बार में कुल 96,000/–रूपये निकाल लिये गये। **इस सूचना पर थाना चिनहट पर मु0अ0सं0 521/2023 धारा 420 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**